सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती मीना पत्नी श्री गिरधारी लाल सेन द्वारा उनके स्वामित्व के आवास जो कि खसरा संख्या 1878 के भाग, ग्राम खानपुर, तहसील खानपुर जिला झालावाड़ (राज.) पैमायशी 787.5 वर्गफुट को रहन रखकर एक्सिस फाईनेंस लिमिटेड शाखा कोटा से ऋण प्राप्त किया जा रहा है।

यह कि श्रीमती मीना ने उक्त सम्पत्ति का क्रय श्रीमती लीला कुमारी से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 11.06.2024 को किया था। श्रीमती लीला कुमारी द्वारा उक्त सम्पत्ति का क्रय श्री पवन कुमार सोनी से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 20.03.2024 को किया गया था। श्री पवन कुमार सोनी द्वारा उक्त सम्पत्ति का क्रय श्रीमती कमला देवी से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 16.01.2024 को किया गया था। श्रीमती कमला देवी को उक्त सम्पत्ति अपने पिता श्री किशन गोपाल की मृत्यु के पश्चात उत्तराधिकार में प्राप्त हुई थी। श्री किशन गोपाल एवं श्री रमेश चंद द्वारा उक्त सम्पत्ति का क्रय श्री हुसैन व श्री सेफुद्दीन से जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 03.12.1955 को किया गया था। असल विक्रय पत्र दिनांक 03.12.1955 की फोटोप्रति ही उपलब्ध है।

यह कि मेरी पक्षकारा द्वारा उक्त सम्पत्ति रहन रखकर एक्सिस फाईनेंस लिमिटेड शाखा कोटा से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त सम्पत्ति को रहन करने के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
कमल गुप्ता एडवोकेट
एम.पी.ए. 53 महावीर नगर द्वितीय कोटा
मो. 9414288889

'आवारा पशुओं से शीघ्र मिलेगी निजात'

रामगंजमण्डी, (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न बाजारों और कॉलोनियों में आवारा पशुओं का जो आतंक है इस आतंक से शीघ्र ही रामगंजमण्डी शहर को निजात मिलेगी।

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र काला व नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल ने बाजार नंबर एक स्थित दशहरा मैदान का मौका देखकर वहां पर बाउंड्रीवाल के अंदर जो भी जमीन है उसको समतल करवाई।

मेडतवाल ने बताया कि दो पीने के पानी की खेल बनेगी और जो भी श्रद्धालु चारा डालना चाहते हैं वह अंदर ही डालेंगे। सारे शहर के आवारा पशुओं को इस ग्राउंड में बंद करके ताला लगाया जाएगा। यहां तक की एक बुजुर्ग अध्यापक लक्ष्मीनारायण गुप्ता का तो निधन ही हो गया था।

इस गम्भीर समस्या को देखते हुए जल्दी ही ऐसी व्यवस्था नगर पालिका करेगी,जिससे शहर वासियों को राहत और आवारा पशुओं को भी एक उपयुक्त स्थान मिल सके। पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल ने बताया कि शीघ्र ही राहत दिलाने का पूरा पूरा प्रयास करेंगे।

जिला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में जमीन पर बैठकर समस्याएं सुनी

छबड़ा (निसं)। आमजन की सेवा और समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। शासन की मंशा केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि धरातल पर उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

- 'आमजन की सेवा और समस्याओं का हर स्तर पर समाधान प्रशासन की पहली प्राथमिकता'
- जिला प्रशासन पहुंचा तीतरखेड़ी, जनसमस्याओं का त्वरित समाधान हुआ

जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

यह विचार जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने तीतरखेड़ी में आयोजित रात्रि चौपाल में व्यक्त किए। यहां तोमर ने जमीन पर बैठकर आत्मीयता के साथ ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही कई मामलों का समाधान कर जनहित में संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर तोमर ने न सिर्फ ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना बल्कि जलभराव, पेयजल संकट, बिजली आपूर्ति में बाधा, सडक मरम्मत, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य सेवाएं और अतिक्रमण जैसी समस्याओं पर तुरंत संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। यहां उन्होने 70 से अधिक प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया। यहां कलेक्टर तोमर ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि यदि उनकी को समस्या हल नहीं होती है तो वे उन्हें सीधे कॉल कर सकते हैं।

जनसुनवा के दौरान हरियालो राजस्थान योजना में शून्य प्रगति और श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराए जाने के गंभीर मामलों को गंभीरता से लेते हुए ग्राम विकास अधिकारी सागरसिंह मीणा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

ग्रामीणों द्वारा ओवरस्पीड व ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने एवं थर्मल पावर प्लांट की राख को सार्वजनिक सड़कों पर फैंके जाने की शिकायत को भी जिला कलेक्टर ने गंभीरता से लिया और पावर प्लांट के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से इस पर रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही जिला कलेक्टर ने तीतरखेड़ी ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर सुचारू रास्ते एवं पेयजल आपूर्ति का जायजा लेकर निर्देश दिए।

रात्रि चौपाल में एसीईओ हरिशचंद मीणा, डीएसओ अनील चौधरी, सीएमएचओ संजीव सक्सेना, एस एमएन बिलौटिया, एस आलोक गुप्ता, सहायक निदेशक दुर्गा शंकर, सहायक निदेशक सतीश परिहार, सहायक निदेशक शुभम नागर, सहायक जनसंपर्क अधिकारी मोहनलाल, उपखंड अधिकारी रामसिंह गुर्जर, प्रधान हरिओम नागर, पराक्रम सिंह, सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा सहित विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि रहे।

ग्लोबल एजुकेशन का नया अध्याय-कोटा विश्वविद्यालय की जॉर्जिया से हुआ एमओयू

कोटा, (निसं)। राजस्थान के शैक्षणिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए, कोटा विश्वविद्यालय ने जॉर्जिया की प्रतिष्ठित ग्रिगोल रोबाकिद्जे विश्वविद्यालय त्बिलिसी के साथ एक व्यापक शैक्षणिक सहयोग समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक उत्कृष्टता और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कोटा विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत और जॉर्जिया की ग्रिगोल रोबाकिद्जे विश्वविद्यालय की ओर से उप-कुलपति प्रो. वख्तांग चाराइया ने इस ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रोफेसर रीना दाधीच, समिति की संयोजक नीलू चौहान और सदस्य सचिव डॉ. अनुक्रति शर्मा शर्मा मौजूद रहे।

कुलपति डॉ. भगवती प्रसाद सारस्वत ने कहा कि इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालय अगले पांच वर्षों तक विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में सहयोग करेंगे। समझौते में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि यह अवधि पूर्ण होने पर आपसी सहमति से इसे आगे बढ़ाया जा सकता है।

कोटा विश्वविद्यालय की ओर से अंतर्राष्ट्रीय अधिकारी प्रो. अनुकृति शर्मा इस सहयोग की समन्वयक और निगरानी अधिकारी होंगी।

जॉर्जिया की ओर से डॉ. प्रो. वख्तांग चाराइया संपर्क व्यक्ति होंगे। सभी गतिविधियों की निगरानी और प्रगति रिपोर्ट का संग्रह डॉ. अनुकृति शर्मा द्वारा किया जाएगा। प्रो. अनुकृति शर्मा ने बताया कि समझौते की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता छात्र और शिक्षकों के आदान-प्रदान कार्यक्रम है।

इसके अंतर्गत दोनों संस्थानों के छात्र एक वर्ष तक की अवधि के लिए साझीदार विश्वविद्यालय में अध्ययन कर सकेंगे। विशेष बात यह है कि छात्रों को केवल अपने मूल संस्थान में शुल्क का भुगतान करना होगा, जबकि मेजबान संस्थान शिक्षण शुल्क माफ कर देगा। छात्रों को मेजबान संस्थान में स्थानीय छात्रों के समान सभी सुविधाएं और अधिकार प्राप्त होंगे।

हालांकि, आवास, यात्रा, पुस्तकें, उपकरण और स्वास्थ्य बीमा की व्यवस्था छात्रों को स्वयं करनी होगी। समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं पर काम करेंगे।

शिक्षकों और अनुसंधान कर्मियों का आदान-प्रदान भी होगा, जिससे दोनों संस्थानों के बीच ज्ञान और अनुभव की साझेदारी बढ़ेगी। पुस्तकालय संसाधनों, अनुसंधान पत्रों, डेटाबेस और पाठ्य सामग्री का आदान-प्रदान भी इस सहयोग का हिस्सा है।

अंत्योदय शिविर में हुआ बिना कोर्ट-कचहरी पुश्तैनी भूमि का बंटवारा

कोटा, (निसं)। राज्य सरकार की पहल पर आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर ग्रामीण जनजीवन में राहत और पारदर्शिता का नया उदाहरण बन रहे हैं।

शुक्रवार को उपखंड कनवास की देवली माझी ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां दो भाइयों की पुश्तैनी भूमि का बंटवारा न किसी कोर्ट-कचहरी के चक्कर, न किसी खर्चीली प्रक्रिया के माध्यम से, बल्कि गांव में ही सहजता से कर दिया गया।

शिविर में ही हुआ वर्षों पुराने बंटवारे का समाधान-देवली माझी निवासी तुलसीराम व मोहनलाल अपनी पुश्तैनी भूमि जो देवली व ढीकोली गांवों में लगभग 9.69 हैक्टेयर है. का आपसी सहमति से बंटवारा चाहते थे। आमतौर पर ऐसे मामलों में न्यायालयीन प्रक्रिया लंबी, जटिल और खर्चीली होती है, लेकिन उन्होंने अपनी पीड़ा शिविर में उपखंड अधिकारी रामावतार मीणा के समक्ष रखी। मीणा ने गम्भीरता दिखाते हुए तत्काल तहसीलदार को सहमति बंटवारे का प्रस्ताव तैयार कराने और इंतकाल प्रक्रिया शुरू कराने के निर्देश दिए। बिना खर्च और समय बर्बाद किए मिला न्याय-दोनों भाइयों ने इस त्वरित और पारदर्शी समाधान पर संतोष जताते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जो काम वर्षों तक रुका रहा, वह आज बिना किसी खर्च के, गांव में ही हो गया। पहले कभी कल्पना नहीं की थी कि इतना आसान और पारदर्शी समाधान भी संभव है। यह सब मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता और संवेदनशील प्रशासन की देन है।

शिविर में केवल बंटवारे ही नहीं, बल्कि कई प्रकार की सुविधाएं ग्रामीणों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। नामांतरण, सीमाज्ञान, प्रचलित रास्तों के विवाद, और 251 (क) जैसे राजस्व के 3 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में कुल 5 सहमति बंटवारे, 5 सीमाज्ञान, 8 नामांतरण और 14 रास्तों के समाधान हुए। इसके अलावा शिविर में आधार सीडिंग, स्वास्थ्य जांच, चिकित्सा किट वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, उज्ज्वला योजना, पालनहार योजना और श्रमिक कार्ड पंजीयन जैसी जनकल्याणकारी सेवाएं भी तत्परता से की गईं।

ग्रामीणों को कई योजनाओं की जानकारी भी मौके पर दी गई और पात्रता अनुसार फार्म भरवाए गए। शिविर प्रभारी एवं उपखंड अधिकारी रामावतार मीणा ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीणों को न्याय, राहत और योजनाओं का लाभ उनके गांव में ही मिले, वह भी पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से। यह शिविर शासन और जनता के बीच सेतु बनकर भरोसा और सहूलियत दोनों दे रहे हैं।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। नान्ता पुलिस टीम ने महिला से दुष्कर्म के दर्ज मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि 24 जून को पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़िता ने रिपोर्ट में कहा कि पति के साथ ईट फैक्ट्री पर काम करती थी, उसकी फैक्ट्री के सामने एक चाय की दुकान थी जिसे रोनक नाम का लड़का चलाता था। पीड़िता ने रिपोर्ट में कहा कि रोनक से जान पहचान होने के बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी जिस पर रोनक ने उसको घर में कमरे खाली होने की बात कहकर किराये से रहने को कहा जिस पर वह पति के साथ रोनक के घर पर किराये से रहने लगी। शहर एसपी ने बताया कि पीड़िता ने रिपोर्ट में कहा कि दिसम्बर 2024 को जब उसका पति घर पर नही था पीछे से रोनक कमरे पर आया और उससे कहा कि वह उससे प्यार करता है जिस पर उसने रोनक को बाहर निकल जाने को बोला तो रोनक ने धरा धमका कर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

मंगलम विद्या विहार में सिनॉप्सिस कार्यक्रम का आयोजन

रामगंजमण्डी, (निसं)। मंगलम विद्या विहार में शुक्रवार को आयोजित सिनॉप्सिस कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा। इस विशेष आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान पढ़ी गई पुस्तकों का सार प्रस्तुत करते हुए साहित्यिक दृष्टिकोण से नई दिशा दी।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभा सोनी ने लिव वाइल यू आर अलाइव पुस्तक का सार प्रस्तुत किया और जीवन जीने की कला के साथ-साथ मानसिक तनाव को दूर करने के उपायों पर प्रकाश डाला। उनका संदेश था कि हर व्यक्ति को वर्तमान में जीते हुए अपने जीवन को अधिक सार्थक बनाना चाहिए। इसके पश्चात ममता शर्मा के विचारों से हुई जिन्होंने रिच डैड और पुअर डैड पुस्तक का सार प्रस्तुत करते हुए शिक्षा व्यवस्था में फाइनेंशियल लिटरेसी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को विद्यालय स्तर से ही आर्थिक समझ और निवेश की मूलभूत जानकारी देना समय की मांग है।

- शिक्षकों ने साझा किए ग्रीष्मकालीन पठन अनुभव

मंगलम विद्या विहार में सिनॉप्सिस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वहीं शनिवार को आयोजित सिनॉप्सिस कार्यक्रम ने विद्यालयी वातावरण को एक नई साहित्यिक ऊर्जा से भर दिया। यह विशेष आयोजन शिक्षकों द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान पढ़ी गई पुस्तकों के सारांश प्रस्तुत करने पर केंद्रित था, जिससे ज्ञान, अभिव्यक्ति और चिंतन का समृद्ध संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत मोहित मेहता द्वारा की गई। उन्होंने बार्ड, बेलेड एंड बाउंड्रीज पुस्तक का सार साझा करते हुए राजस्थानी लोक संगीत की सांस्कृतिक विरासत और उसके संरक्षण की अनिवार्यता पर बल दिया। उनकी प्रस्तुति ने न केवल साहित्यिक बल्कि सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी श्रोताओं को प्रभावित किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद शर्मा ने द येस ब्रेन पुस्तक पर अपने विचार रखते हुए बच्चों के मानसिक विकास और सकारात्मक परवरिश पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार नो ब्रेन मानसिकता को येस ब्रेन में बदलकर बच्चों को आत्मनिर्भर, सहनशील और रचनात्मक बनाया जा सकता है। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने सिनॉप्सिस के बाद अपने अनुभव एक दूसरे के साथ साझा किए। कार्यक्रम का संचालन आंचल साक्रावत ने किया।

सार-समाचार

बंद जनधन खातों को सक्रिय करवाने के लिए केवाईसी करवाना जरूरी

कोटा, (निसं)। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय कोटा में सहायक महाप्रबंधक नवीन लखवानी के निर्देशन में एवं प्रबंधक एफआई शंकर जायसवाल के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कॉरपोरेट बीसी प्रतिनिधि को बताया गया कि सभी निष्क्रिय भारतीय स्टेट बैंक के खाताधारकों को अब अपना खाता सक्रिय करवाने के लिए नजदीकी ग्राहक सेवा केंद्र या शाखा में अपना आधार कार्ड ले जाकर नि:शुल्क बायोमेट्रिक सत्यापन के माध्यम से अपना निष्क्रिय खाता सक्रिय करवा सकता है। यदि खाते को सक्रिय नहीं करवाया गया तो सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बैंक की सुविधाओं से वंचित हो सकते है। बैठक में सीएससी जिला प्रबंधक विकास तुरावा ने बताया कि इसके लिए कैंपों का आयोजन किया जायेगा ताकि आमजन को परेशानी ना हो सके। वहीं सीएससी से लोकेश भट्ट व अन्य कॉरपोरेट बीसी से तेज प्रकाश, संजय कुमार सेन, वरुण शर्मा, महेंद्र मालव, हंसराज मीना, पवन गौड़, विशाल रावत मौजूद रहे।

चम्बल नदी में छलांग लगाई, तलाशी जारी

कोटा, (निसं)। शहर की नयापुरा बड़ी पुलिया से शनिवार शाम को किसी ने चम्बल नदी में छलांग लगा दी, वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस कंट्रोल रूम ने इसकी सूचना नगर निगम गोताखोर टीम को दी गई, सूचना पाकर टीम मौके पर पहुंची और चंबल मे डुबे व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी। नगर निगम गोताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि शनिवार शाम को पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि कोई व्यक्ति नयापुरा से कुन्हाड़ी की ओर जाने वाली बड़ी पुलिया से चम्बल नदी में कूद गया है। सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे और टीम द्वारा मोटर बोट की सहायता से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोटा बैराज के गेट खुलने की वजह से पानी का बहाव ज्यादा होने के कारण गोताखोर को स्कूबा ड्राईविंग कर डुबने वाले व्यक्ति की तलाश की जा रही है। गोताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि शनिवार को अंधेरा होने के कारण तलाशी अभियान रोक दिया गया है। रविवार सुबह फिर तलाशी अभियान शुरू किया जायेगा।

दो शिकारी पकड़े, एक जिंदा पाटागोह जब्त

छबड़ा (निसं)। वन विभाग द्वारा अवैध शिकार के विरुद्ध लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं। शनिवार को विभाग की टीम ने उपवन संरक्षक अनिल यादव के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए दो शिकारियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक जिंदा पाटागोह बरामद किया। रेंजर भारत राठौड़ ने बताया कि छबड़ा नाका प्रभारी को प्लांटेशन रिछड़ी श्यामपुरा में वृक्षारोपण कार्य के दौरान प्लांटेशन के क्षेत्र में कुछ संदिग्ध लोग नजर आए, जिनके हाथ में खुटिया व कुत्ते भी साथ थे। इस पर नाका प्रभारी द्वारा पास जाकर देखा तो वे दड़ को खोद रहे थे। इस पर नाका प्रभारी जितेंद्र सहरिया व बीट प्रभारी अरविंद चौधरी द्वारा पीछा कर रघुवीर कंजर व साहबसिंह कंजर को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से एक कुटिया व एक जिंदा पाटागोह बरामद किया। कार्रवाई के दौरान बलराम सहरिया, कल्लू सिंह मीणा वनरक्षक शामिल रहे।

प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई

कोटा, (निसं)। महर्षि गौतम छात्रावास समिति कैंत की चौकी की ओर से श्रीनाथपुरम डी ब्लॉक में निर्माणाधीन छात्रावास एवं संस्कार केंद्र परिसर में भगवान महर्षि गौतम व अहिल्या माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। इसके लिए मंदिर का निर्माण भामाशाह सरस्वती देवी शर्मा ने करवाया है। जिसका लोकार्पण और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष बालचंद फौजी ने बताया कि विधि विधान से महर्षि गौतम और देवी अहिल्या की प्रतिमा को स्थापित किया गया है। इसकी पूरी प्राण प्रतिष्ठा सुबह शुरू हुई। जिसके लिए सुबह कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए श्रीनाथपुरम छात्रावास परिसर पर पहुंची।

काव्य गोष्ठी का आयोजन

कोटा, (निसं)। राजस्थान दृष्टि निशक्त जन सेवा समिति का तृतीय राष्ट्रीय दृष्टिहीन काव्य गोष्ठी का आयोजन श्री उमेद क्लब नयापुरा कोटा में संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी में देश के प्रमुख दृष्टिहीन कवि एवं शायरों ने अपनी रचनाओं को सुना कर श्रोताओं को काव्य रस से शराबोर कर दिया। संस्था के महासचिव डॉक्टर कल्याण सिंह हाड़ा ने बताया कि कोटा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के डायरेक्टर सविता कृष्णैया द्वारा मां सरस्वती को फूल माला व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा हेलेन केलर की चित्र पर पुष्प अर्पित किए, झालावाड़ से राष्ट्रीय कवि अशोक सोनी ने मंच का संचालन किया।

स्वामी टेऊँराम महाराज का जन्मोत्सव मनाया

कोटा, (निसं)। श्री प्रेमप्रकाश आश्रम, कोटा के आश्रम प्रभारी संत श्यामलाल ने बताया कि श्री प्रेम प्रकाश आश्रम (पंथ) के संस्थापक आचार्य स्वामी टेऊँराम महाराज के 139वें जन्मोत्सव के उपलक्ष में आश्रम पर प्रात: हवन यज्ञ अनुष्ठान, नित्य नियम प्रार्थना के साथ चालीसा पाठ एवं आरती का आयोजन तथा सायंकालीन जन्मोत्सव कार्यक्रम में संत श्यामलाल जी द्वारा प्रवचन और संगीत का रंगारंग कार्यक्रम श्री झूलेलाल धर्मशाला, दादाबाड़ी, कोटा पर किया गया जिसमें संजय चावला (गोरखपुर), भगत रमेश, गुलशन, मीत और मोहित द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई।

समर कैंप का समापन

कोटा, (निसं)। महावीर नगर स्थित एलबीएस अकेडमी स्पेशल स्कूल में चल रहे पांच दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह 28 जून को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और खूब सराहना बटोरी। एलबीएस ग्रुप के चेयरमैन कुलदीप माथुर के निर्देशन में 24 से 28 जून तक आयोजित इस समर कैंप में दिव्यांग बच्चों ने कला, संगीत, नृत्य, खेल, योग, प्राणिक हीलिंग, और अन्य शैक्षणिक व रचनात्मक कार्यशालाओं में भाग लिया।

200 पौधे लगाए

कोटा, (निसं)। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत परिवहन विभाग, टीम जीवन दाता, लायंस क्लब कोटा टेक्नो एवं कोटा सड़क सुरक्षा समिति के सहयोग से नयागांव स्थित मोदी लॉ कॉलज व मोदी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी राजीव त्यागी के नेतृत्व में सघन में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 200 पौधे लगाए गए।

कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज0)

email :nnkota@gmail.com, websites : www.kotamc.org

क्रमांक :– ननिको(उ)/राजस्व/2025/8277–86 दिनांक: 25.06.2025

ई-निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा नयापुरा बस स्टेण्ड पुलिया के नीचे वाहन स्टेण्ड ठेका से राजस्व वसूली करने के लिये वार्षिक अनुबन्ध के लिये इच्छुक निविदादाताओं से ई–प्रोक्यूरमेंट द्वारा ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता निविदा प्रपत्र, निविदा शर्तें, आवेदन संबंधी समस्त जानकारी एवं सम्पूर्ण विवरण नगर निगम कोटा उत्तर की वेबसाईट www.kotamc.org व http://sppp.rajasthan.gov.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। अन्य जानकारी हेतु नगर निगम के प्रशासनिक भवन में कमरा नं. 307 में सम्पर्क कर सकते है।

NIB N0. – NNK(N)REVENUE/2025/8277-86/DLB2526A2864
UBN N0. – DLB2526SLOB09098

उपायुक्त (राजस्व)
नगर निगम कोटा उत्तर

राज.संवाद/सी/25/5151

कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान

क्रमांक:-ननि (दक्षिण) को/उपा.रा./2025/7513-14 दिनांक:-27.6.25

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचना सूचित किया जाता है कि श्री अनवर खान पुत्र श्री सईद खान, निवासी म.नं. 134 श्रीपुरा, कोटा नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार " HOTEL SAROVAR PLAZA" 130, न्यू ग्रेन मण्डी, कोटा में संचालन करने की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा के ब्लॉक "ए" के प्रथम तल के कमरा नं0 238 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी तथा उपविधि 2016 के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

उपायुक्त राजस्व नगर निगम कोटा (दक्षिण)

कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान

क्रमांक:-ननि (दक्षिण) को/उपा.रा./2025/7511-12 दिनांक:-27.6.25

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचना सूचित किया जाता है कि श्री आरिफ खान पुत्र श्री अनवर खान, निवासी म.नं. 134 श्रीपुरा, कोटा नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार " HOTEL CHAMBAL PLAZA" 6-ए शोपिंग सेन्टर कोटा संचालन करने की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा के ब्लॉक "ए" के प्रथम तल के कमरा नं0 238 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी तथा उपविधि 2016 के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

उपायुक्त राजस्व नगर निगम कोटा (दक्षिण)

कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां (राज.)

क्रमांक:-न.पा.छ./2025/3096 दिनांक:-27.06.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षैत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम	खसरा सं.	स्थान/कालोनी का नाम	भूखंड सं.	क्षेत्रफल
1	श्री हरिओम आत्मज श्री रामप्रसाद जाति प्रजापत निवासी कडैयाछतरी तह. छबड़ा जिला (बारां)	619	एजाज नगर कालोनी छबड़ा	A-92	15x30=450 वर्गफीट

नोट:- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा

कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां (राज.)

क्रमांक:-न.पा.छ./2025/3109 दिनांक:-27.06.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षैत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम	खसरा सं.	स्थान/कालोनी का नाम	भूखंड सं.	क्षेत्रफल
1	श्री नरेन्द्र नागर आत्मज श्री ईश्वर लाल नागर जाति धाकड़ निवासी रीछडा तह. छबड़ा जिला (बारां)	90/2	कैलाशपुरी कालोनी छबड़ा	33	20x50=1000 वर्गफीट

नोट:- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा

कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां (राज.)

क्रमांक:-न.पा.छ./2025/3093 दिनांक:-27.06.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय